This question paper contains 8 printed pages]

2019

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

S. No. of Question Paper : **7006** (28)

Unique Paper Code : **22411501** J

Name of the Paper : **Principles of Marketing**

Name of the Course : **B.Com. (Hons.)**

Semester : **V**

DESHBANDHU COLLEGE LIBRARY Kalkaji, New Delhi-19

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt *all* questions.

*All* parts of a question must be attempted together.

**सभी** प्रश्न कीजिए।

एक प्रश्न के सभी भाग एक साथ करने हैं।

1. (*a*) Explain the role of marketing as an instrument of economic development in a developing country like India. 8

(*b*) "Marketing mix framework of 4 P's is applicable to tangible products only and not to services." Justify the statement by explaining the marketing mix for services with a suitable example. 7

(अ) भारत जैसे विकासशील देश में आर्थिक विकास के साधन के रूप में विपणन की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(ब) "4 P's का विपणन मिश्रण ढांचा केवल मूर्त उत्पादों पर लागू होता है न कि सेवाओं पर।" उपयुक्त उदाहरण के साथ सेवाओं के लिए विपणन मिश्रण की व्याख्या करते हुए इस कथन को सही ठहराइये।

*Or*/**अथवा**

(*a*) Why does a marketing manager need to understand marketing environment ? Explain the importance of the demographic and economic environment in taking prudent strategic marketing decisions. 8



(*b*) Explain the evolution of the marketing concept giving examples. 7

(अ) मार्केटिंग वातावरण को समझने के लिए मार्केटिंग प्रबंधक की आवश्यकता क्यों है? विवेकपूर्ण रणनीतिक विपणन निर्णय लेने में जनसांख्यिकीय और आर्थिक वातावरण के महत्व को समझाइये।

(ब) विपणन अवधारणा के विकास की व्याख्या उदाहरण देते हुए कीजिये।

2. (*a*) Explain the significance of product positioning. Discuss any *five* bases of product positioning for different brands of cars in India. 8

(*b*) What is consumer buying behaviour ? Briefly explain the buying decision process of an Indian middle class family for the purchase of an apartment in the NCR region. 7

(अ) उत्पाद की स्थिति के महत्व को स्पष्ट कीजिये। भारत में कारों के विभिन्न ब्राण्डों के लिए उत्पाद स्थिति के किन्हीं **पाँच** आधारों की विवेचना कीजिये।

(ब) उपभोक्ता क्रय व्यवहार क्या है? एन.सी.आर. क्षेत्र में एक अपार्टमेंट की खरीद के लिए एक मध्यमवर्गीय भारतीय परिवार की खरीद निर्णय प्रक्रिया की संक्षिप्त व्याख्या कीजिये।

Or/अथवा

(a) What do you understand by psychographic and behavioural market segmentation ? Suggest suitable bases to segment the market for the following products giving reasons :

(i) Business Magazine

(ii) Luxury Cars

(iii) Formal men's wear 8

(b) What do you understand by branding ? Discuss its significance. What are the desirable qualities of a good brand ? 7

(अ) मनोवैज्ञानिक और व्यवहारात्मक बाजार विखंडन से आपका क्या अभिप्राय है? कारण बताते हुए निम्नलिखित उत्पादों के लिए बाजार को उपयुक्त बनाने के लिए उपयुक्त आधार सुझाइये :

(i) व्यापार पत्रिका

(ii) महंगी कार

(iii) औपचारिक पुरुषों का पहनावा।

(ब) ब्रांडिंग से आप क्या समझते हैं? इसके महत्व की विवेचना कीजिये। एक अच्छे ब्रांड के वांछनीय गुण क्या हैं?



3. (a) "The most important factor in successful new product development is matching the product and market needs." Discuss the statement with respect to the process of developing a new product. 8

(b) What is pricing ? Explain the following giving examples :

(i) Differential Pricing and Product Line Pricing

(ii) Psychological Pricing and Competitive Pricing

(iii) Cash discount and Trade discount 7

(अ) "सफल नये उत्पाद विकास में सबसे महत्वपूर्ण कारक उत्पाद और बाजार की जरूरतों का मिलान है।" एक नये उत्पाद को विकसित करने की प्रक्रिया के संबंध में इस कथन की विवेचना कीजिये।

(ब) मूल्य निर्धारण क्या है? निम्नलिखित की सोदाहरण व्याख्या कीजिये :

(i) विभेदक मूल्य निर्धारण और उत्पाद लाइन मूल्य निर्धारण

(ii) मनोवैज्ञानिक मूल्य निर्धारण और प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण

(iii) नकद छूट और व्यापार छूट।

Or/**अथवा**

(*a*) Suggest appropriate marketing strategies for each stage of the product life cycle of a product. 8

(*b*) Discuss various factors that a consumer goods marketing firm needs to consider while setting a price. 7

(अ) किसी उत्पाद के उत्पाद जीवन चक्र के प्रत्येक चरण के लिए उपयुक्त विपणन रणनीतियों का सुझाव दीजिये।

(ब) उन विभिन्न कारकों की चर्चा कीजिये जिन्हें एक उपभोक्ता सामान विपणन फर्म को कीमत निर्धारित करते समय विचार करने की आवश्यकता होती है।

4. (*a*) Briefly explain the various elements of promotion mix. A start-up wants to introduce its detergent powder in the market, giving reasons suggest an appropriate promotion mix. 8

(*b*) "Rural markets are expanding very fast."

Discuss the marketing mix of rural markets in light of the above statement. 7

(अ) अभिवृद्धि मिश्रण के विभिन्न तत्वों की संक्षिप्त व्याख्या कीजिये। एक स्टार्ट-अप अपने डिटर्जेन्ट पाउडर को बाजार में पेश करना चाहता है, कारण देते हुए एक उचित अभिवृद्धि मिश्रण का सुझाव दीजिये।



(ब) ''ग्रामीण बाजार बहुत तेजी से फैल रहे हैं।''

उपर्युक्त कथन के आलोक में ग्रामीण बाज़ारों के विपणन मिश्रण की विवेचना कीजिये।

Or/**अथवा**

(*a*) Discuss the role of personal selling in promoting products. What advantages personal selling offers over advertising ? 8

(*b*) Explain the following giving examples :

(*i*) Departmental stores and discount stores

(*ii*) Mail order retailing and Vending machine 7

(अ) उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तिगत विक्रय को समझाइये। विज्ञापन से अधिक व्यक्तिगत विक्रय के क्या फायदे हैं?

(ब) उदाहरण देते हुए निम्नलिखित की व्याख्या कीजिये :

(*i*) डिपार्टमेन्टल स्टोर्स एवं डिस्काउंट स्टोर्स

(*ii*) मेल आर्डर रिटेलिंग एवं वेन्डिंग मशीन।

5. Write short notes on any *three* : 3×5=15

(*i*) Ethical practices in marketing

(*ii*) Elements of marketing logistics

(*iii*) Relationship marketing (giving examples)

(*iv*) Classification of consumer products.

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(*i*) विपणन में नैतिक व्यवहार

(*ii*) विपणन तार्किकता के तत्व

(*iii*) संबंध विपणन (उदाहरण देते हुए)

(*iv*) उपभोक्ता उत्पादों का वर्गीकरण।

This question paper contains 16 printed pages]

2019

**Roll No.** | | | | | | | | | | | |

Deshbandhu College LIBRARY Kalkaji, New Delhi-19

S. No. of Question Paper : **7007** (29)

Unique Paper Code : **22411502** J

Name of the Paper : **Fundamentals of Financial Management**

Name of the Course : **B.Com. (Hons.)**

Semester : **V**

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt *All* questions.

*All* questions carry equal marks.

Use of simple calculator is allowed.

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

सादा कैल्कुलेटर का उपयोग मान्य है।

1. (*a*) How can you incorporate risk in capital budgeting decisions ? 4

P.T.O.

(*b*) A company is considering computerization of its inventory and billing procedures at a cost of ₹ 2,00,000. Installation charges are ₹ 50,000. These outlays will be depreciated on a straight-line basis to zero book value which will also be its salvage value at the end of its life of 5 years. The new system will require two Computer specialists with annual salaries of ₹ 40,000 per person. It is also estimated that annual maintenance expenses of ₹ 12,000 will have to be incurred. The new system will lead to reduced production delays, thus saving ₹ 20,000 annually. It will also help to avoid stock out cost of ₹ 25,000 per year. Timely billing will increase inflow by ₹ 8,000 per year. Six clerical employees, with annual salaries of ₹ 20,000 each, will also become redundant. The company's tax rate is 30% and required rate of return is 12%. Evaluate the project.

What will be your decision if salvage value is taken as ₹ 30,000 for purpose of calculating depreciation, even though the machine will be worthless in terms of resale value after 5 years ? 11

(अ) आप पूँजीगत बजट निर्णयों में जोखिम को कैसे शामिल कर सकते हैं ?

(ब) एक कम्पनी ₹ 2,00,000 की लागत पर अपनी सूची और बिलिंग प्रक्रियाओं के कम्प्यूटरीकरण पर विचार कर



रही है। स्थापना शुल्क ₹ 50,000 है। इन विनियोगों का शून्य-बुक मूल्य पर एक सीधी रेखा के आधार पर मूल्यह्रास किया जायेगा जो कि 5 वर्ष के जीवन के अंत में इसका निस्तारण मूल्य भी होगा। नई प्रणाली में दो कम्प्यूटर विशेषज्ञों की, ₹ 40,000 प्रति व्यक्ति वार्षिक वेतन सहित आवश्यकता होगी। यह भी अनुमान है कि वार्षिक रख-रखाव खर्च ₹ 12,000 खर्च करने होंगे। नई प्रणाली से उत्पादन में कमी आयेगी जिससे वार्षिक बचत ₹ 20,000 होगी। इससे प्रति वर्ष ₹ 25,000 स्टॉक आउट लागत से बचने में भी मदद मिलेगी। समय पर बिलिंग से प्रति वर्ष ₹ 8,000 की वृद्धि होगी। ₹ 20,000 वार्षिक वेतन पाने वाले छः लिपिक कर्मचारी भी निरर्थक हो जायेंगे। कम्पनी की कर की दर 30% है और प्रत्याय दर 12% है। परियोजना का मूल्यांकन कीजिए। आपका निर्णय क्या होगा यदि निस्तारण मूल्य मूल्यह्रास के उद्देश्य के लिए ₹ 30,000 लिया जाता है, हालांकि 5 वर्षों के बाद मशीन पुनर्विक्रय कीमत के अनुसार व्यर्थ हो जाएगी।

***Or*/(अथवा)**

(*a*) Critically evaluate the payback method for evaluation of long term projects. 4

(*b*) Able Electronics is considering a proposal to replace a machine which was bought three years ago for ₹ 10,00,000. It has a remaining life of 5 years after which it will have no salvage value. But if it is sold now,

it will realize ₹ 6,00,000. Its maintenance cost is expected to increase by ₹ 50,000 p.a. from the sixth year of its installation. A new, more efficient machine is available for ₹ 15,00,000. This machine can be sold for ₹ 6,00,000 after completing its life of 5 years. This new machine will lead to increased productivity, thereby increasing the revenue by ₹ 1,50,000 p.a. It will also reduce operating expenses by ₹ 1,00,000 p.a. The company's tax rate is 50% and cost of capital is 10%. It uses straight line method of depreciation. Advise the company about the replacement.

What will be your decision if the expected salvage value of the new machine is ₹ 2,00,000 ? 11

(अ) दीर्घकालिक परियोजनाओं के मूल्यांकन के लिये पे-बैक पद्धति का आलोचनात्मक मूल्यांकन कीजिए।

(ब) एबल इलेक्ट्रोनिक्स एक ऐसी मशीन को बदलने के प्रस्ताव पर विचार कर रहा है जिसे तीन वर्ष पहले ₹ 10,00,000 में खरीदा गया था। इसका शेष जीवन 5 वर्ष है जिसके बाद इसका कोई निस्तारण मूल्य नहीं होगा। यदि इसे अभी बेचा जाय तो ₹ 6,00,000 में बिक जायेगी। इसकी स्थापना के छठे वर्ष से इसकी रख-रखाव की लागत में ₹ 50,000 की वृद्धि होने की उम्मीद है। ₹ 15,00,000 में एक नई अधिक कुशल मशीन उपलब्ध है। 5 वर्ष के अपने जीवनकाल को पूर्ण करने के



बाद इस मशीन को ₹ 6,00,000 में बेचा जा सकता है। इस नई मशीन से उत्पादकता में वृद्धि होगी जिससे राजस्व में प्रति वर्ष ₹ 1,50,000 की वृद्धि होगी। इससे परिचालन व्यय में भी प्रति वर्ष ₹ 1,00,000 की कमी होगी। कम्पनी की कर-दर 50% है तथा पूँजी की लागत 10% है। यह मूल्यह्रास की सीधी रेखा विधि का उपयोग करता है। प्रतिस्थापन के बारे में कम्पनी को सलाह दीजिए।

यदि नई मशीन का अपेक्षित निस्तारण मूल्य ₹ 2,00,000 है तो आपका निर्णय क्या होगा ?

2. (*a*) What do you understand by Agency problem ? How can it be resolved ? 4

(*b*) Prepare the income statements from the given financial data for Company A and Company B for the year ended 31st March 2017. Also comment on their financial position. 11

| **Particulars** | **Company A** | **Company B** |
|---|---|---|
| Variable expenses as % of sales | 66.7 | 75 |
| Interest (in Rupees) | 2,00,000 | 3,00,000 |
| Degree of operating leverage | 5 | 6 |
| Degree of financial leverage | 3 | 4 |
| Income tax rate | 0.35 | 0.35 |

(अ) एजेन्सी की समस्या से आप क्या समझते हैं ? इसे कैसे हल किया जा सकता है ?

(ब) 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए कम्पनी A और कम्पनी B के दिये गए वित्तीय आंकड़ों से आय विवरण तैयार कीजिए। उनकी वित्तीय स्थिति पर भी टिप्पणी कीजिए।

| मद | कम्पनी A | कम्पनी B |
|---|---|---|
| परिवर्ती खर्चे विक्रय % | 66.7 | 75 |
| ब्याज (₹ में) | 2,00,000 | 3,00,000 |
| परिचालन लीवरेज की मात्रा | 5 | 6 |
| वित्तीय लीवरेज की मात्रा | 3 | 4 |
| आयकर दर | 0.35 | 0.35 |

***Or*/(अथवा)**

(*a*) "A rupee of today is not equal to a rupee of tomorrow." Explain. 4

(*b*) Calculate the overall cost of capital of Sushant Ltd. from the information given below using book value weights and market value weights : 11

| | Book Value (₹) | Market Value (₹) |
|---|---|---|
| Equity Shares of ₹ 10 each | 4,00,000 | 6,40,000 |
| 12% Preference Shares of ₹ 100 each (Redeemable at par after 10 years) | 1,00,000 | 75,000 |
| 11% Debentures of ₹ 100 each (Redeemable at par after 5 years) | 2,50,000 | 2,25,000 |
| Reserves | 1,00,000 | — |



Last year the company paid a dividend of ₹ 2.20 per share. It is expected to declare a dividend of ₹ 2.42 per share. The company has been maintaining the growth rate in dividends over the years and is expected to do so in future. Tax rate is 40%.

(अ) "आज का एक रुपया कल के एक रुपये के बराबर नहीं है।" व्याख्या कीजिए।

(ब) खाता मूल्य भार और बाजार मूल्य भार का उपयोग करते हुए नीचे दी गई जानकारी से सुशांत लि. की पूँजी की कुल लागत की गणना कीजिए :

| | खाता मूल्य (₹) | बाजार मूल्य (₹) |
|---|---|---|
| समता अंश प्रत्येक ₹ 10 | 4,00,000 | 6,40,000 |
| 12% अधिमान अंश ₹ 100 प्रत्येक (10 वर्ष बाद सममूल्य पर प्रतिदेय) | 1,00,000 | 75,000 |
| 11% डिबेन्चर्स ₹ 100 प्रत्येक (5 वर्ष बाद सममूल्य पर प्रतिदेय) | 2,50,000 | 2,25,000 |
| आरक्षित निधि | 1,00,000 | — |

पिछले वर्ष कम्पनी ने ₹ 2.20 प्रति शेयर के लाभांश का भुगतान किया था। यह आशा है कि प्रति शेयर

₹ 2.42 का लाभांश मिलेगा। कम्पनी वर्षों से लाभांश में वृद्धि दर बनाये हुए है और भविष्य में ऐसा करने की उम्मीद है। कर की दर 40% है।

3. (a) Discuss the different approaches to financing of working capital. 4

(b) From the following information estimated by Swastik Ltd. for the next year, calculate the working capital required on cash cost basis :

| | ₹ |
|---|---|
| Sales (at gross profit of 20%) | 27,00,000 |
| Raw material | 6,75,000 |
| Wages | 5,40,000 |
| Manufacturing Expenses outstanding at the end of the year | 60,000 |
| Total Administrative Expenses | 1,80,000 |
| Total Selling Expenses | 90,000 |
| Desired cash balance | 1,00,000 |

Finished goods and raw material are kept in stock to meet 1 month's requirement. The company gives a credit of 2 months to its customers and gets a credit of 2 months from its suppliers. Wages are paid with a time lag of 15 days. All other expenses are paid with a time lag of 1 month. There is no work in progress.



The company includes depreciation in its cost of production. Finished goods are valued at manufacturing cost. A safety margin of 15% is to be maintained. 11

(अ) कार्यशील पूँजी के वित्त पोषण के विभिन्न तरीकों की विवेचना कीजिए।

(ब) अगले वर्ष के लिए स्वास्तिक लि. द्वारा अनुमानित निम्न जानकारी से, नकदी लागत के आधार पर आवश्यक कार्यशील पूँजी की गणना कीजिए :

| | ₹ |
|---|---|
| विक्रय (20% के सकल लाभ पर) | 27,00,000 |
| कच्चा माल | 6,75,000 |
| मजदूरी | 5,40,000 |
| वर्ष के अंत में निर्माणी व्यय | 60,000 |
| कुल प्रशासनिक खर्चे | 1,80,000 |
| कुल विक्रय खर्चे | 90,000 |
| अपेक्षित नकद शेष | 1,00,000 |

तैयार माल और कच्चे माल को स्टॉक में 1 महीने की आवश्यकता को पूरा करने के लिए रखा जाता है। कम्पनी अपने ग्राहकों को 2 महीने का क्रेडिट देती है और अपने आपूर्तिकर्ताओं से 2 महीने का क्रेडिट प्राप्त करती है। मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के समय अंतराल के साथ किया जाता है। अन्य सभी व्ययों का भुगतान 1 माह के अन्तराल के साथ किया जाता है। कोई क्रियमाण कार्य नहीं है। कम्पनी की उत्पादन लागत में मूल्यह्रास शामिल है। तैयार माल विनिर्माण लागत पर मूल्यांकित होता है। 15% का सुरक्षा मार्जिन बनाये रखना है।

Or (अथवा)

(a) What are the different motives of holding cash ? 4

(b) A company manufactures 1,00,000 units of a product annually from a raw material which is purchased at ₹ 60 per kg. It incurs a handling cost of ₹ 200 and freight of ₹ 550 per order. The inventory carrying cost of the raw material is ₹ 0.75 per kg per month. In addition, cost of working capital finance on the investment in inventory is ₹ 6 per kg per annum. One kg of the raw material can produce 2.5 units of the product. Calculate :

(i) Economic Order Quantity

(ii) Frequency of ordering

(iii) If the company wants to place orders on quarterly basis, what percentage of discount on the price of raw material should be negotiated ? 11

(अ) नकदी रखने के विभिन्न उद्देश्य क्या हैं ?

(ब) एक कम्पनी कच्चे माल से सालाना 1,00,000 यूनिट उत्पाद बनाती है जिसे ₹ 60 प्रति किलो के हिसाब से खरीदा जाता है। इसकी हैण्डलिंग कीमत ₹ 200 तथा प्रति आदेश भाड़ा ₹ 550 है। कच्चे माल सूची की रखाव लागत ₹ 0.75 प्रति किलो प्रतिमाह है। इसके अलावा इन्वेंट्री में निवेश पर कार्यशील पूँजी वित्त की लागत ₹ 6 प्रति किलो वार्षिक है। एक किलो कच्चा माल उत्पाद की 2.5 इकाइयों का उत्पादन कर सकता है।



गणना कीजिए :

(i) आर्थिक आदेश मात्रा

(ii) आदेश देने की आवृत्ति

(iii) यदि कम्पनी तिमाही आधार पर आदेश देना चाहती है तो कच्चे माल की कीमत पर कितने प्रतिशत छूट पर बातचीत की जानी चाहिए ?

4. (a) What are the different approaches to calculation of cost of equity ? 4

(b) A company needs to raise ₹ 10,00,000 for a new project which is expected to yield an annual EBIT of ₹ 1,60,000. It is considering a possibility of issuing equity shares along with some amount of debt. It has an option of raising a debt of ₹ 1,00,000, ₹ 4,00,000 or ₹ 6,00,000. Debt is available to the company at the rates indicated below :

| | | |
|---|---|---|
| Upto ₹ 1,00,000 | : | 8% |
| Over ₹ 1,00,000 and Upto ₹ 5,00,000 | : | 12% |
| Over ₹ 5,00,000 | : | 18% |

Current market price of its equity share is ₹ 25 which is expected to drop to ₹ 20 if funds are borrowed in excess of ₹ 5,00,000. Tax rate for the company is 50%. Suggest the best financing alternative. Also calculate financial break even point for all the three options. 11

(अ) ईक्विटी की लागत की गणना के लिए विभिन्न दृष्टिकोण क्या हैं ?

(ब) एक कम्पनी को एक नई परियोजना के लिए ₹ 10,00,000 जुटाने की जरूरत है जिससे वार्षिक EBIT ₹ 1,60,000 प्रतिफल की उम्मीद है। यह कुछ ऋण राशि के साथ ईक्विटी शेयरों को जारी करने की संभावना पर विचार कर रही है। इसमें ₹ 1,00,000, ₹ 4,00,000 या ₹ 6,00,000 ऋण बढ़ाने का एक विकल्प है। नीचे दी गयी दरों पर कम्पनी को ऋण उपलब्ध है :

| | | |
|---|---|---|
| ₹ 1,00,000 तक | : | 8% |
| ₹ 1,00,000 से अधिक तथा ₹ 5,00,000 तक | : | 12% |
| ₹ 5,00,000 से अधिक | : | 18% |

इसके ईक्विटी शेयर की वर्तमान बाजार कीमत ₹ 25 है जो कि ₹ 5,00,000 से अधिक की राशि उधार लिये जाने पर ₹ 20 तक गिरने की उम्मीद है। कम्पनी की कर की दर 50% है। सबसे अच्छा वित्तपोषण विकल्प सुझाइये। साथ ही तीनों विकल्पों के लिए वित्तीय संतुलन-स्तर बिन्दु (लाभ-अलाभ बिन्दु) की भी गणना कीजिए।

***Or*/(अथवा)**

(*a*) What behavioral justification is given by the MM approach to prove their hypothesis about the capital structure decision ? 4

(*b*) Company X and Company Y are in the same risk class and identical in all respects except that Y uses debt



of ₹ 2,00,000 carrying an interest of 12%, whereas X is an all equity firm. Both companies earn a return of 20% on their assets of ₹ 4,50,000.

(*i*) Calculate the value of both the companies and their overall cost of capital under the net income approach taking cost of equity as 15%.

(*ii*) Calculate value of both the companies and equity capitalization rate using NOI approach taking overall cost of capital as 15%.

(*iii*) Compare the results and comment on the differences. 11

(अ) पूँजी संरचना निर्णय के बारे में उनकी परिकल्पना को सिद्ध करने के लिए MM उपागम द्वारा क्या व्यावहारिक औचित्य दिया जाता है ?

(ब) कम्पनी X और कम्पनी Y एक ही जोखिम वर्ग में हैं और सभी मामलों में समान हैं सिवाय इसके कि Y ₹ 2,00,000 कर्ज का उपयोग करती है, इस पर 12% ब्याज मिलता है जबकि X एक सभी ईक्विटी फर्म है। दोनों कम्पनियाँ ₹ 4,50,000 की सम्पत्ति पर 20% का लाभ कमाती हैं।

(*i*) 15% के रूप में ईक्विटी की लागत लेने वाली शुद्ध आय दृष्टिकोण के तहत दोनों कम्पनियों के मूल्य और उनकी पूँजी की समग्र लागत की गणना कीजिए।

(*ii*) 15% के रूप में कुल लागत लेने वाले NOI दृष्टिकोण का उपयोग करके दोनों कम्पनियों के मूल्य और ईक्विटी पूँजीकरण दर की गणना कीजिए।

(*iii*) परिणामों की तुलना कीजिए तथा मतभेदों पर टिप्पणी कीजिए।

5. (*a*) What do you mean by informational content of dividend ? 4

(*b*) The following information for the current year about XYZ Ltd. is available to you :

| | |
|---|---|
| Earnings of the Firm | ₹ 18,00,000 |
| No. of equity shares | 3,00,000 |
| Amount of dividend paid | ₹ 9,00,000 |
| Return on Investment | 22.5% |
| Cost of Equity | 15% |

(*i*) Calculate the present price of the share and value of the firm using Walter's Model.

(*ii*) Is this the optimum payout ratio ? If not, what is the optimum payout ratio ? What is the value of the firm at this payout ratio ?

(*iii*) What is the payout ratio at which value of the firm will be lowest ?

(*iv*) What should be the payout ratio if the firm wants to keep its share price at ₹ 55 ?

(*v*) When will the firm be indifferent about payment of dividend ? 11



(अ) लाभांश की सूचनात्मक सामग्री से आपका क्या अभिप्राय है ?

(ब) XYZ लि. के बारे में वर्तमान (चालू) वर्ष की आपको निम्न जानकारी उपलब्ध है :

| | |
|---|---|
| फर्म की आय | ₹ 18,00,000 |
| ईक्विटी शेयरों की संख्या | 3,00,000 |
| दत्त लाभांश की राशि | ₹ 9,00,000 |
| निवेश पर प्रत्याय | 22.5% |
| ईक्विटी की लागत | 15% |

(*i*) वाल्टर के मॉडल का उपयोग करके शेयर की वर्तमान कीमत और फर्म के मूल्य की गणना कीजिए।

(*ii*) क्या यह इष्टतम भुगतान अनुपात है ? यदि नहीं, तो इष्टतम भुगतान अनुपात क्या है ? इस भुगतान अनुपात में फर्म का मूल्य क्या है ?

(*iii*) वह भुगतान अनुपात क्या है जिस पर फर्म का मूल्य सबसे कम होगा ?

(*iv*) यदि फर्म अपना शेयर मूल्य ₹ 55 रखना चाहती है तो भुगतान अनुपात क्या होना चाहिए ?

(*v*) लाभांश के भुगतान के बारे में फर्म कब उदासीन होगी ?

*Or*/(अथवा)

(*a*) Discuss the determinants of the dividend policy of a company. 4

(*b*) Relay International belongs to the risk class for which the appropriate capitalization rate is 10%. It currently has 1,00,000 equity shares of ₹ 80 each. It is thinking of declaring a dividend of ₹ 4 per share at the end of the year. It is expecting a net income of ₹ 8 lakh and an investment proposal requiring an investment of ₹ 15 lakh. Show that under MM assumptions, payment of dividend does not affect the value of the firm now and after the issue of new shares. 11

(अ) किसी कम्पनी की लाभांश नीति के निर्धारकों की विवेचना कीजिए।

(ब) रिले इन्टरनेशनल जोखिम वर्ग से सम्बन्धित है जिसके लिए उपयुक्त पूँजीकरण दर 10% है। वर्तमान में इसके पास ₹ 80 वाले 1,00,000 ईक्विटी शेयर हैं। यह वर्ष के अंत में प्रति शेयर ₹ 4 के लाभांश की घोषणा करने की सोच रही है। यह ₹ 8,00,000 की शुद्ध आय की उम्मीद कर रही है और एक निवेश प्रस्ताव को ₹ 15 लाख के निवेश की आवश्यकता है। दिखाइये कि MM मान्यताओं के तहत, लाभांश का भुगतान अब और नये शेयरों के जारी होने के बाद फर्म के मूल्य को प्रभावित नहीं करता है।

This question paper contains 16+4 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | |2|0|1|9|

S. No. of Question Paper : **7012** (30)

Unique Paper Code : **22417501**

Name of the Paper : **Management Accounting**

Name of the Course : **B.Com. (Hons.) : DSE-1**

Semester : **V**

DESHBANDHU COLLEGE LIBRARY J Kalkaji, New Delhi-19

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt *all* questions. *All* questions carry equal marks.

Use of simple calculator is allowed. Workings form part of your answer.

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

सादा कैल्क्युलेटर का उपयोग मान्य है। कार्य नोट्स उत्तर का हिस्सा होंगे।

1. (*a*) (*i*) What is meant by management accounting ? Discuss its objectives.

(*ii*) Explain the distinction between cost control and cost reduction. 6

P.T.O.

(*b*) Attempt the following (working notes should form part of the answer) :

(*i*) Total fixed cost ₹ 12,000; Contribution ₹ 20,000; Number of units sold 10,000; Variable cost is 60% of sales. Determine selling price per unit and also the total profits/loss.

(*ii*) Total fixed cost ₹ 12,000. Actual sales ₹ 48,000; Margin of safety ₹ 8,000. Determine P/V ratio.

(*iii*) A company which has a margin of safety of ₹ 4 lakhs makes a profit of ₹ 80,000. Its fixed cost is ₹ 5 lakhs. Find the break-even sales volume. 9

(अ) (*i*) प्रबंधन लेखांकन से क्या अभिप्राय है ? इसके उद्देश्यों की विवेचना कीजिए।

(*ii*) लागत नियंत्रण और लागत में कमी के मध्य अंतर बताइये।

(ब) निम्नलिखित को हल कीजिए (कार्य नोट्स उत्तर का हिस्सा हैं) :

(*i*) कुल स्थिर लागत ₹ 12,000; अंशदान ₹ 20,000; बेची गई इकाइयों की संख्या 10,000; परिवर्तनीय लागत बिक्री का 60% है। प्रति इकाई विक्रय मूल्य तथा कुल लाभ/हानि का निर्धारण कीजिए।



(*ii*) कुल स्थित लागत ₹ 12,000, वास्तविक बिक्री ₹ 48,000, सुरक्षा सीमा ₹ 8,000। P/V अनुपात निर्धारित कीजिए।

(*iii*) एक कम्पनी जिसकी सुरक्षा सीमा ₹ 4 लाख है ₹ 80,000 का लाभ कमाती है। इसकी स्थिर लागत ₹ 5 लाख है। संतुलन-स्तर बिक्री मात्रा ज्ञात कीजिए।

*Or*/**(अथवा)**

(*a*) What is meant by margin of safety and angle of incidence ? Show these on a break-even chart. 6

(*b*) There are two factories under the same management. It is desired to merge these two factories. The following information is available :

| | Factory A | Factory B |
|---|---|---|
| Capacity operation | 100% | 60% |
| Sales | ₹ 300 lakhs | ₹ 120 lakhs |
| Variable Cost | ₹ 220 lakhs | ₹ 90 lakhs |
| Fixed Cost | ₹ 40 lakhs | ₹ 20 lakhs |

Calculate :

(*i*) The capacity of the merged plant for the purpose of breaking-even and

(*ii*) The profit on working at 75% of the merged capacity. 9

(अ) सुरक्षा सीमा तथा आपतन कोण से क्या अभिप्राय है ? इन्हें संतुलन-स्तर चार्ट पर दर्शाइए।

(ब) एक ही प्रबंधन के अधीन दो कारखाने हैं। इन दोनों कारखानों का विलय करना वांछित है। निम्नलिखित जानकारी उपलब्ध है :

| | कारखाना A | कारखाना B |
|---|---|---|
| क्षमता संचालन | 100% | 60% |
| बिक्री | ₹ 300 लाख | ₹ 120 लाख |
| परिवर्तनीय लागत | ₹ 220 लाख | ₹ 90 लाख |
| स्थिर लागत | ₹ 40 लाख | ₹ 20 लाख |

गणना कीजिए :

(i) संतुलन-स्तर के उद्देश्य के लिए विलय किये गये संयंत्र की क्षमता।

(ii) विलय की क्षमता के 75% पर काम करने पर लाभ।

2\. (a) Compared with absorption costing, when will variable costing report lower profits, higher profits and equal profits. Explain with examples. 5

(b) The following are the estimated sales of X Company for eight months ending 30-10-2018 :

| | | |
|---|---|---|
| April 2018 | — | 12,000 units |
| May 2018 | — | 13,000 units |
| June 2018 | — | 9,000 units |
| July 2018 | — | 8,000 units |
| August 2018 | — | 10,000 units |
| September 2018 | — | 12,000 units |
| October 2018 | — | 14,000 units |
| November 2018 | — | 12,000 units |



As a matter of policy, the company maintains the closing balance of finished goods and raw materials as follows :

(i) Finished goods—closing stock of a month will be 50% of the estimated sales for the next months.

(ii) Raw material—closing stock of a month will be equal to estimated consumption for the next month.

Each unit of production consumes 2 kg of raw material costing ₹ 6 per kg. Prepare the following budgets for the half year ending 30-09-2018 :

(i) Production budget (month-wise in units).

(ii) Raw material purchase budget (month-wise in units and cost). 10

(अ) अवशोषण लागत के साथ तुलना में, कब परिवर्तनीय लागत कम लाभ, उच्च लाभ और समान लाभ की रिपोर्ट करेगी ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

(ब) 30-10-2018 को समाप्त होने वाले आठ महीनों के लिए X कम्पनी की अनुमानित बिक्री निम्नलिखित है :

| | | |
|---|---|---|
| अप्रेल 2018 | — | 12,000 इकाइयाँ |
| मई 2018 | — | 13,000 इकाइयाँ |
| जून 2018 | — | 9,000 इकाइयाँ |
| जुलाई 2018 | — | 8,000 इकाइयाँ |
| अगस्त 2018 | — | 10,000 इकाइयाँ |
| सितम्बर 2018 | — | 12,000 इकाइयाँ |
| अक्तूबर 2018 | — | 14,000 इकाइयाँ |
| नवम्बर 2018 | — | 12,000 इकाइयाँ |

नीति के मामले के रूप में कम्पनी तैयार माल और कच्चे माल के समापन संतुलन को इस प्रकार बनाये रखती है :

(i) तैयार माल—एक महीने का रहतिया अगले महीनों के लिए अनुमानित बिक्री का 50% होगा।

(ii) कच्चा माल—एक महीने का रहतिया अगले महीने के लिए अनुमानित खपत के बराबर होगा।

उत्पादन की प्रत्येक इकाई में 2 किलोग्राम कच्चे माल की खपत होती है जिसकी लागत ₹ 6 प्रति किलोग्राम है। 30-09-2018 को समाप्त होने वाले आधे वर्ष के लिए निम्नलिखित बजट तैयार कीजिए :

(i) उत्पादन बजट (इकाइयों में महीना के अनुसार)

(ii) कच्चा माल खरीद बजट (इकाइयों और लागत में महीना के अनुसार)।

*Or*/**(अथवा)**

(a) "Flexible budgets are more realistic and useful than fixed budgets." Do you agree ? Explain. 5



(b) A co. can produce 4,000 units of a product at 100% capacity. The following information is available from its records :

| | April | May |
|---|---|---|
| Units produced | 2,800 | 3,600 |
| | ₹ | ₹ |
| Power | 1,800 | 2,000 |
| Repairs and maintenance | 500 | 560 |
| Indirect labour | 700 | 900 |
| Consumable stores | 1,400 | 1,800 |
| Inspector | 200 | 240 |
| Depreciation | 1,400 | 1,400 |
| Salaries | 1,000 | 1,000 |

Direct material cost per unit is ₹ 1 and direct wages per hour is ₹ 4. Rate of production per hour is 10 units. Prepare the flexible budget for production at 100%, 80% and 60% capacity levels showing variable; fixed and semi-variable items. 10

(अ) "लचीले बजट निर्धारित बजट से अधिक यथार्थवादी और उपयोगी होते हैं।" क्या आप सहमत हैं ? व्याख्या कीजिए।

(ब) एक कम्पनी 100% क्षमता पर एक उत्पाद की 4,000 इकाइयों का उत्पादन कर सकती है। इसके रिकॉर्ड से निम्न जानकारी उपलब्ध है :

| | अप्रेल | मई |
|---|---|---|
| इकाइयों का उत्पादन किया | 2,800 | 3,600 |
| | ₹ | ₹ |
| शक्ति | 1,800 | 2,000 |
| मरम्मत और रख-रखाव | 500 | 560 |
| अप्रत्यक्ष श्रम | 700 | 900 |
| उपभोग्य भंडार | 1,400 | 1,800 |
| इंस्पेक्टर | 200 | 240 |
| मूल्यह्रास | 1,400 | 1,400 |
| वेतन | 1,000 | 1,000 |

प्रति इकाई प्रत्यक्ष सामग्री लागत ₹ 1 है और प्रति घंटा प्रत्यक्ष मजदूरी ₹ 4 है। प्रति घंटा उत्पादन की दर 10 इकाई है। 100%, 80% तथा 60% क्षमता स्तर पर उत्पादन के लिए लचीला बजट परिवर्तनीय, स्थिर एवं अर्ध-परिवर्तनीय मदों को दिखाते हुए तैयार कीजिए।

3. (*a*) Briefly describe the following Control Ratios : 5

(*i*) Activity Ratio

(*ii*) Capacity Ratio

(*iii*) Efficiency Ratio

(*iv*) Calendar Ratio.



(*b*) From the following information about sales, calculate : 10

(*i*) Total Sales Value Variance

(*ii*) Sales Price Variance

(*iii*) Sales Volume Variance

(*iv*) Sales Mix Variance

(*v*) Sales Quantity Variance

| | Standard | | Actual | |
|---|---|---|---|---|
| | Units | Rate | Units | Rate |
| | | ₹ | | ₹ |
| Product A | 5000 | 5 | 6000 | 6 |
| Product B | 4000 | 6 | 5000 | 5 |
| Product C | 3000 | 7 | 4000 | 8 |

(अ) निम्नलिखित नियंत्रण अनुपातों का संक्षेप में वर्णन कीजिए :

(*i*) गतिविधि अनुपात

(*ii*) क्षमता अनुपात

(*iii*) दक्षता अनुपात

(*iv*) कैलेंडर अनुपात।

(ब) बिक्री के बारे में निम्न जानकारी से गणना कीजिए :

(i) कुल बिक्री मूल्य भिन्नता

(ii) बिक्री कीमत भिन्नता

(iii) बिक्री परिमाण भिन्नता

(iv) बिक्री मिश्रण भिन्नता

(v) बिक्री मात्रा भिन्नता

| | मानक | | वास्तविक | |
|---|---|---|---|---|
| | इकाइयाँ | दर | इकाइयाँ | दर |
| | | ₹ | | ₹ |
| उत्पाद A | 5000 | 5 | 6000 | 6 |
| उत्पाद B | 4000 | 6 | 5000 | 5 |
| उत्पाद C | 3000 | 7 | 4000 | 8 |

*Or*/(अथवा)

(a) What is standard costing ? Distinguish between standard costing and budgetary control. 5

(b) Standard hours for producing two products A and B are 15 hours and 20 hours per unit respectively. Both products require identical type of labour and the standard wage rate is ₹ 5 per hour. In a year 10,000 units of A and 15,000 units of B were produced. The total labour hours actually worked were 4,50,500 and actual wage bill came to ₹ 23,00,000. This included 12,000 hours paid for at ₹ 7 per hour and 9,400 hours paid for @ ₹ 7.50 per hour, the balance having been paid at ₹ 5 per hour. Compute Labour Cost Variance, Labour Rate Variance and Labour Efficiency Variance. 5



(c) From the following information, compute Fixed Overhead Cost variance, Expenditure Variance and Volume Variance. Normal capacity is 5000 hours, Budgeted fixed overhead rate is ₹ 10 per standard hour. Actual level of capacity utilized is 4,400 standard hours. Actual fixed overheads ₹ 52,000. Also, verify your result. 5

(अ) मानक लागत क्या है ? मानक लागत तथा बजटीय नियंत्रण में अंतर बताइए।

(ब) दो उत्पादों A और B के उत्पादन के लिए मानक घंटे क्रमशः 15 घंटे और 20 घंटे प्रति इकाई हैं। दोनों उत्पादों को समान प्रकार के श्रम की आवश्यकता होती है और मानक मजदूरी दर ₹ 5 प्रति घंटा है। एक वर्ष में A की 10,000 और B की 15,000 इकाइयों का उत्पादन किया गया। वास्तव में काम करने वाले कुल श्रम घंटे 4,50,500 थे और वास्तविक मजदूरी बिल ₹ 23,00,000 आया था। इसमें ₹ 7 प्रति घंटे के हिसाब से 12,000 घंटे का भुगतान और 9,400 घंटे का भुगतान ₹ 7.50 प्रति घंटे तथा शेष का भुगतान ₹ 5 प्रति घंटे के हिसाब से किया गया था। श्रम लागत भिन्नता, श्रम दर भिन्नता तथा श्रम क्षमता भिन्नता की परिगणना कीजिए।

(स) निम्नलिखित जानकारी से अपरिवर्ती उपरिलागत भिन्नता, उपरिव्यय भिन्नता तथा परिमाण भिन्नता की गणना कीजिए। सामान्य क्षमता 5,000 घंटे हैं, बजट अपरिवर्ती उपरिलागत दर ₹ 10 प्रति मानक घंटे है। उपयोग की जाने वाली क्षमता का वास्तविक स्तर 4,400 मानक घंटे हैं। वास्तविक अपरिवर्ती उपरिव्यय ₹ 52,000 है। अपना परिणाम भी सत्यापित कीजिए।

4. The following particulars are extracted from the records of a company :

| Particulars | Product A | Product B |
|---|---|---|
| Sales (per unit) | ₹ 100 | ₹ 120 |
| Consumption of material | 2 kg | 3 kg |
| Material Cost | ₹ 10 | ₹ 15 |
| Direct wage cost | ₹ 15 | ₹ 10 |
| Direct expenses | ₹ 5 | ₹ 6 |
| Machine hours used | 3 Hours | 2 Hours |
| Overhead expenses : | | |
| Fixed | ₹ 5 | ₹ 10 |
| Variable | ₹ 15 | ₹ 20 |

Direct wage rate per hour is ₹ 5.

(*a*) Comment on the profitability of each product (Both use the same raw material) when :

(*i*) Total sales potential in units is limited

(*ii*) Total sales potential in value is limited

(*iii*) Raw material is in short supply; and

(*iv*) Production capacity (in terms of machine hours) is the limiting factor.

(*b*) Assuming raw material as the key-factor, availability of which is 10,000 kg and maximum sales potential of each product being 3,500 units, find the product mix which will yield the maximum profit. 15



निम्नलिखित विवरण किसी कम्पनी के रिकॉर्ड से निकाले गए हैं :

| विवरण | उत्पाद A | उत्पाद B |
|---|---|---|
| बिक्री (प्रति इकाई) | ₹ 100 | ₹ 120 |
| सामग्री का उपभोग | 2 किग्रा | 3 किग्रा |
| सामग्री की लागत | ₹ 10 | ₹ 15 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी लागत | ₹ 15 | ₹ 10 |
| प्रत्यक्ष व्यय | ₹ 5 | ₹ 6 |
| इस्तेमाल किये गये मशीन घंटे | 3 घंटे | 2 घंटे |
| उपरिव्यय : | | |
| स्थिर | ₹ 5 | ₹ 10 |
| परिवर्तनशील | ₹ 15 | ₹ 20 |

प्रत्यक्ष मजदूरी दर ₹ 5 प्रति घंटा है।

(अ) प्रत्येक उत्पाद की लाभप्रदता पर टिप्पणी कीजिए जब (दोनों एक ही कच्चे माल का उपयोग करते हैं) :

(*i*) इकाइयों में कुल बिक्री क्षमता सीमित है।

(*ii*) मूल्य में कुल बिक्री क्षमता सीमित है।

(*iii*) कच्चा माल कम आपूर्ति में है, तथा

(*iv*) उत्पादन क्षमता (मशीन घंटे के संदर्भ में) सीमित कारक है।

(ब) कच्चे माल को मुख्य कारक के रूप में मानते हुए, जिसकी उपलब्धता 10,000 किग्रा है और प्रत्येक उत्पाद की अधिकतम बिक्री क्षमता 3,500 इकाई है, उस उत्पाद मिश्रण को ज्ञात कीजिए जो अधिकतम लाभ प्राप्त करेगा।

*Or* (अथवा)

(*a*) What do you mean by relevant costs and irrelevant cost in decision-making ? Give examples. 5

(*b*) X Ltd. annually manufactures 10,000 units of a product at a cost of ₹ 4 per unit and sells these in the home market at a selling price of ₹ 4.25 per unit. In the next year, there is fall in demand in home market which can absorb 10,000 units only at price of ₹ 3.72 per unit. The total cost of 10,000 units is as follows :

| | |
|---|---|
| Materials | ₹ 15,000 |
| Wages | ₹ 11,000 |
| Fixed overhead | ₹ 8,000 |
| Variable overhead | ₹ 6,000 |

The foreign market is explored and it is found that this market can consume 20,000 units of the product at a price of ₹ 3.55 per unit. (Assume that the company has sufficient plant capacity to produce additional output). It is also discovered that fixed overheads will increase by 10% for additional output above initial output of 10,000 units. Is it worthwhile to try to capture the foreign market ? Give reasons. 10



(अ) निर्णयन में प्रासंगिक लागत और अप्रासंगिक लागत से आपका क्या आशय है ? उदाहरण दीजिए।

(ब) X लि. सालाना ₹ 4 प्रति इकाई की लागत पर एक उत्पाद की 10,000 इकाइयाँ बनाती है और घरेलू बाजार में ₹ 4.25 प्रति इकाई के बिक्री मूल्य पर बेचती है। अगले वर्ष में, घरेलू बाजार में मांग में गिरावट है जो 10,000 इकाइयों को केवल ₹ 3.72 प्रति इकाई की कीमत पर अवशोषित कर सकती है। 10,000 इकाइयों की कुल लागत इस प्रकार है :

| | |
|---|---|
| सामग्री | ₹ 15,000 |
| मजदूरी | ₹ 11,000 |
| स्थिर उपरिव्यय | ₹ 8,000 |
| परिवर्तनीय उपरिव्यय | ₹ 6,000 |

विदेशी बाजार का पता लगाया गया और यह पाया गया कि यह बाजार प्रति इकाई ₹ 3.55 की कीमत पर उत्पाद की 20,000 इकाइयों का उपभोग कर सकता है। (मान लीजिए कि कम्पनी के पास अतिरिक्त उत्पादन करने के लिए पर्याप्त संयंत्र क्षमता है)। यह भी पता चला है कि 10,000 इकाइयों के शुरुआती आउटपुट के बाद अतिरिक्त आउटपुट के लिए स्थिर उपरिव्यय 10% तक बढ़ जायेंगे। क्या विदेशी बाजार पर कब्जा करना सार्थक है ? कारण कीजिए।

5. Prepare a cash budget for four months ending on 31st December, 2018 on the basis of the following information :

(1) Income and expenditure forecasts :

| Months | Sales ₹ | Purchases ₹ | Wages ₹ | Other Expenses ₹ |
|---|---|---|---|---|
| July | 60,000 | 40,000 | 8,000 | 9,000 |
| August | 90,000 | 60,000 | 10,500 | 8,850 |
| September | 75,000 | 50,000 | 17,500 | 8,000 |
| October | 90,000 | 60,000 | 17,100 | 7,850 |
| November | 1,05,000 | 70,000 | 12,000 | 7,300 |
| December | 1,20,000 | 80,000 | 12,000 | 7,050 |

(2) Cash balance on 1st September ₹ 47,000.

(3) It is expected that 50% of the sales will be in cash and 25% of the purchases will be made on credit.

(4) 75% of the credit sales is realized one month after the sales, 20% of the credit sales is realized two months after the sales and the balance is bad debt.



(5) 70% of the credit purchases is paid after one month and remaining 30% is paid after two months of purchase.

(6) Wages are paid on 3rd day of every month.

(7) Other expenses include a depreciation of ₹ 2,000 p.m.

(8) Commission @ 5% on the total sales payable after one month is not included in the other expenses.

(9) Machinery is purchased @ ₹ 60,000 and payment is to be made in September.

(10) A dividend on investments of ₹ 10,250 to be received in November.

(11) The company has 10% Debentures of ₹ 1,00,000. The interest is payable quarterly in March, June, September and December.

(12) In case of deficit in cash in any month, the company can arrange an overdraft from the bank for that month and such overdraft is to be repaid as early as possible out of the surplus cash of the subsequent month. Ignore the interest on the overdraft.

निम्नलिखित सूचना के आधार पर 31 दिसम्बर, 2018 को समाप्त होने वाले चार महीनों के लिए एक कैश (रोकड़) बजट तैयार कीजिए :

(1) आय और व्यय के पुर्वानुमान :

| महीने | बिक्री ₹ | क्रय ₹ | मजदूरी ₹ | अन्य खर्चे ₹ |
|---|---|---|---|---|
| जुलाई | 60,000 | 40,000 | 8,000 | 9,000 |
| अगस्त | 90,000 | 60,000 | 10,500 | 8,850 |
| सितम्बर | 75,000 | 50,000 | 17,500 | 8,000 |
| अक्तूबर | 90,000 | 60,000 | 17,100 | 7,850 |
| नवम्बर | 1,05,000 | 70,000 | 12,000 | 7,300 |
| दिसम्बर | 1,20,000 | 80,000 | 12,000 | 7,050 |

(2) 1 सितम्बर को रोकड़ (कैश) शेष ₹ 47,000

(3) यह उम्मीद है कि बिक्री का 50% नकद में होगा और 25% खरीद उधार की जायेगी।

(4) एक महीने बाद उधार बिक्री का 75% वसूल हुआ, उधार बिक्री का दो महीने बाद 20% वसूल हुआ तथा शेष अशोध्य रहा (डूब गया)।

(5) उधार खरीद का 70% एक महीने के बाद भुगतान किया जाता है और शेष 30% का भुगतान दो महीने की खरीद के बाद किया जाता है।



(6) हर महीने के तीसरे दिन (3 तारीख को) मजदूरी का भुगतान किया जाता है।

(7) अन्य खर्चों में प्रतिमाह ₹ 2,000 का मूल्यह्रास शामिल है।

(8) एक महीने के बाद देय कुल बिक्री पर @ 5% कमीशन अन्य खर्चों में शामिल नहीं है।

(9) मशीनरी ₹ 60,000 में खरीदी गई है और भुगतान सितम्बर में किया जाना है।

(10) ₹ 10,250 के निवेश पर लाभांश नवम्बर में प्राप्त होगा।

(11) कम्पनी के पास ₹ 1,00,000 के 10% डिबेंचर हैं। ब्याज त्रैमासिक मार्च, जून, सितम्बर और दिसम्बर में देय है।

(12) किसी महीने में नकदी की कमी के मामले में, कम्पनी उस महीने के लिए बैंक से एक ओवरड्राफ्ट की व्यवस्था कर सकती है और इस तरह के ओवरड्राफ्ट को बाद के महीने के अधिशेष नकदी से जितना जल्दी हो सके चुकाया जाना चाहिए। ओवरड्राफ्ट पर ब्याज को अनदेखा कीजिए।

Or/(अथवा)

(*a*) Define and explain responsibility accounting. What are pre-requisites for introducing responsibility accounting in a company ? 6

(*b*) Write notes on any *three* of the following : 9

(*i*) Transfer Pricing;

(*ii*) Zero Base Budgeting;

(*iii*) Profit Centre and Cost Centre;

(*iv*) Non-cost Factors for taking Make or Buy Decisions.

(अ) उत्तरदायित्व लेखांकन को परिभाषित कीजिए एवं व्याख्या कीजिए। किसी कम्पनी में उत्तरदायित्व लेखांकन शुरू करने के लिए पूर्व-आवश्यकताएँ क्या हैं ?

(ब) निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए :

(*i*) हस्तांतरण मूल्य

(*ii*) शून्य आधारित बजटन

(*iii*) लाभ केन्द्र तथा लागत केन्द्र

(*iv*) बनायें या खरीदें निर्णय लेने के लिए गैर-लागत कारक।

This question paper contains 7 printed pages]

**Roll No.** | | | | | | | |2|0|1|9|

S. No. of Question Paper : **7018** (31)

Unique Paper Code : **22417510**

Name of the Paper : **Advertising**

Name of the Course : **B.Com. (H) : DSE-2**

Semester : **V**

DESHBANDHU COLLEGE J LIBRARY Kalkaji, New Delhi-19

Duration : **3 Hours** Maximum Marks : **75**

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी** :—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी **या** हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt *All* questions.

*All* questions carry equal marks.

**सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

1. (*a*) "Advertising is defined as paid form of non-personal presentation and promotion of ideas, goods or services by an identified sponsor." Explain the statement. Also discuss the indispensable role of advertising. 8

(*b*) What is Advertising Budget ? Discuss the various methods of setting an effective advertising budget. 1+6

(अ) "विज्ञापन को गैर-व्यक्तिगत प्रस्तुति तथा किसी प्रायोजित प्रायोजक द्वारा विचारों, वस्तुओं या सेवाओं को बढ़ावा देने में दत्त शुल्क के रूप में परिभाषित किया गया है।" इस कथन को स्पष्ट कीजिए। विज्ञापन की अपरिहार्य भूमिका पर भी चर्चा कीजिए।

(ब) विज्ञापन बजट क्या है ? एक प्रभावी विज्ञापन बजट निर्धारित करने के विभिन्न तरीकों की विवेचना कीजए।

***Or*/(अथवा)**

(*a*) Discuss the elements of the marketing communication process. 8

(*b*) Discuss various Post-testing techniques used in measuring effectiveness of advertising. 7

(अ) विपणन संचार प्रक्रिया के तत्वों की विवेचना कीजिए।

(ब) विज्ञापन की प्रभावशीलता को मापने में उपयोग की जाने वाली विभिन्न पोस्ट-टेस्टिंग तकनीकों की विवेचना कीजिए।



2. (*a*) Enumerate the various message formats using suitable examples. 8

(*b*) Is advertising changing social and cultural values related to consumption pattern of the Indian consumers ? Justify your statement in the context of increasing consumption of fast food and junk food. 7

(अ) उपयुक्त उदाहरणों का उपयोग करते हुए विभिन्न संदेश प्रारूपों की परिगणना कीजिए।

(ब) क्या विज्ञापन भारतीय उपभोक्ताओं के उपभोग पैटर्न से संबंधित सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बदल रहा है ? फास्ट फूड और जंक फूड के बढ़ते उपभोग के संदर्भ में अपने कथन को उचित ठहराइये।

***Or*/(अथवा)**

(*a*) The preparation and production of a copy is the main part of advertising campaign. Discuss the elements in a print copy. 8

(*b*) A successful message strategy touches both the rational and emotional aspects of human psyche. Give your comments. 7

(अ) प्रतिलिपि की तैयारी और उत्पादन विज्ञापन अभियान का मुख्य हिस्सा है। प्रिंट कॉपी के तत्वों की विवेचना कीजिए।

(ब) एक सफल संदेश रणनीति मानव के अन्तःकरण के तर्कसंगत एवं भावनात्मक दोनों पहलुओं को स्पर्श करती है। अपने तर्क दीजिए।

3. (*a*) Explain any *two* of the following terms :

(*i*) Media Planning

(*ii*) Media Selection

(*iii*) Media Scheduling. 8

(*b*) "Interactive media and expansion of internet is giving an extended dimension to advertising."

In the light of the above statement, discuss the benefits of advertising on the internet. 7

(अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पदों की व्याख्या कीजिए :

(*i*) मीडिया नियोजन

(*ii*) मीडिया चयन

(*iii*) मीडिया शिड्यूलिंग।



(ब) "इंटरएक्टिव मीडिया और इंटरनेट का विस्तार विज्ञापन को एक विस्तारित आयाम दे रहा है।"

उपर्युक्त कथन के आलोक में इंटरनेट पर विज्ञापन देने के लाभों की चर्चा कीजिए।

***Or*/(अथवा)**

(*a*) Define reach, frequency, gross rating points and cost per thousands as the terms of media use. 8

(*b*) What is meant by clutter in media ? What are the ways advertisers might deal with the increasing amount of clutter found on television ? 7

(अ) मीडिया उपयोग के पदों में पहुँच, आवृत्ति, सकल रेटिंग बिन्दुओं तथा प्रति हजार कीमत को परिभाषित कीजिए।

(ब) मीडिया में अव्यवस्था (कोलाहल) का क्या अभिप्राय है ? टेलीविजन पर विज्ञापनदाताओं को बढ़ती अव्यवस्थाओं से निपटने के तरीके क्या हैं ?

4. (*a*) Discuss the criteria for selection of advertising agency. 8

(*b*) Discuss the legal framework of advertising in India and mention the role of ASCI in self-regulation. 7

(अ) विज्ञापन एजेंसी के चयन के मानदंडों की विवेचना कीजिए।

(ब) भारत में विज्ञापन के कानूनी ढांचे की विवेचना कीजिए तथा स्व-विनियमन में ASCI की भूमिका का उल्लेख कीजिए।

***Or*/(अथवा)**

(*a*) Discuss various types of advertising agency. What are the major functions of an advertising agency ? 8

(*b*) Ethical and legal aspects of advertising in India are the most debatable topics in the modern context when many transitions are going on for using sensual and social appeal in advertising for various products. Discuss the impact of sensual and social appeal on Adolescents. 7

(अ) विज्ञापन एजेन्सी के विभिन्न प्रकारों की विवेचना कीजिए। एक विज्ञापन एजेन्सी के प्रमुख कार्य क्या हैं ?

(ब) भारत में विज्ञापन के नैतिक और कानूनी पहलू आधुनिक संदर्भ में अधिक बहस के विषय हैं जब विभिन्न उत्पादों के लिए विज्ञापन में संवेदनवादी और सामाजिक अपील का उपयोग करने के लिए कई परिवर्तन (संक्रमण) चल रहे हैं। किशोरों पर संवेदनवादी और सामाजिक अपील के प्रभाव की विवेचना कीजिए।



5. Write short notes on any *three* of the following : 15

(*a*) Surrogate Advertising

(*b*) Types of Pre-tests for evaluating advertising effectiveness

(*c*) Advertising Layout

(*d*) Agency-Client relationship

(*e*) DAGMAR Model.

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(अ) सरोगेट (प्रतिपुरुष) विज्ञापन

(ब) विज्ञापन प्रभावशीलता के मूल्यांकन के लिए पूर्व-परीक्षणों के प्रकार

(स) विज्ञापन लेआउट

(द) एजेन्सी-ग्राहक संबंध

(इ) DAGMAR मॉडल।